प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 17.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन और अन्य विधेयकों पर चर्चा जारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की सांसदों से बिल का समर्थन करने की अपील।
2. नक्सल उन्मूलन अभियान में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी, चतरा–हजारीबाग सीमा पर हुई मुठभेड़ में 15 लाख रुपये के इनामी शहदेव महतो समेत चार कुख्यात नक्सली ढेर।
3. जमशेदपुर में बनेगा झारखंड का पहला अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, 153 करोड़ रुपये की मिली प्रशासनिक स्वीकृति, आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस।
4. झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल को, रांची में बनाए गए 96 परीक्षा केंद्र।

और

5. बिजली दर वृद्धि और अनियमित आपूर्ति के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने किया राज्यव्यापी प्रदर्शन, 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग।

****

लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक और केन्द्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक पर चर्चा जारी है। इस दौरान केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस बिल से महिलाओं के सपनों को नये पंख मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर सभी सांसदों से महिला आरक्षण बिल का समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने लिखा कि देश की नारी शक्ति की सेवा का यह बहुत बड़ा अवसर है। इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करें, भारतीय नारी और देश की आधी आबादी को उसका हक दें।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा को संबोधित करते हुए हरिवंश को उपसभापति के रूप में लगातार तीसरी बार चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सदन के उनके अनुभव, समावेशी दृष्टिकोण और गरिमामय कार्यशैली पर गहरे विश्वास को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती के महत्व का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिन हरिवंश के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत होना इस अवसर को और विशेष बनाता है।

****

गुमला जिले की साधनविहीन और गरीब महिलाएं केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभ लेकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट –

साउण्ड बाईट–नरेश कुमार, गुमला ऑन महिला सशक्तिकरण–30 सेकेंड

****

हजारीबाग सीमावर्ती क्षेत्र में कोबरा बटालियन 209 और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए हैं, जिनमें रीजनल कमेटी सदस्य सहदेव महतो उर्फ अनुज, स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य नताशा, एरिया कमांडर बुधन करमाली और एरिया कमांडर रंजीत गंझू शामिल हैं। मौके से दो एके–47 राइफल, इंसास राइफल और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस सहित नक्सली सामग्री बरामद की गई है।

****

झारखंड का पहला अंतरराज्यीय बस टर्मिनल सह कमर्शियल भवन जमशेदपुर में बनाया जाएगा। इस परियोजना के लिए पीपीपी मोड पर 153 करोड़ 36 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। यह टर्मिनल डिमना चौक और पारीडीह के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लगभग 9 दशमलव 88 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा।

****

रांची में झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल को दो पालियों में होगी। जिले में 96 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी, जहां सुरक्षा, नकल रोकथाम और अभ्यर्थियों की सुविधाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

****

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। नई दिल्ली में आज अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कल तक लगभग 50 लाख एलपीजी सिलेंडर घरों तक पहुंचाए जा चुके हैं।

****

रांची के कांके स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम पर क्षेत्रीय कानून समीक्षा परामर्श आयोजित किया गया। कार्यक्रम नेशनल कमीशन ऑफ़ वीमेन, नई दिल्ली के सहयोग से संपन्न हुआ। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामले में महिलाओं को तय समय सीमा के अंदर शिकायत समिति के समक्ष रखना होता है।

****

गिरिडीह में युवतियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए तीन महीने तक मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. बच्चा सिंह ने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है।

****

गोड्डा जिले में केंद्रिय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से पोषण अभियान पखवारा का आयोजन किया जा रहा है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने बिजली दर वृद्धि, अनियमित आपूर्ति और स्मार्ट मीटर से जुड़े भारी बिल के विरोध में राज्यव्यापी धरना दिया। रांची के डोरंडा स्थित जेबीवीएनएल कार्यालय के समक्ष महाधरना आयोजित हुआ, जिसमें विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सीपी सिंह ने कहा कि राज्य में बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब है,

जिससे बच्चों की पढ़ाई और पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

****

महिला क्रिकेट में, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच टी–20 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज डर्बन में खेला जाएगा। वहीं सिरीज का दूसरा मुकाबला 19 अप्रैल को खेला जाएगा।

******समाप्त*******